प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv
76 साल बेमिसाल
www.subhartimedia.com लखनऊ, मंगलवार, 19 मई 2020, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 08 उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड से प्रकाशित
घर जाने की जिद के आगे चुनौतियां छोटीं -12

जरूरतमंदों को बांटा गया मास्क

लखनऊ। प्रभात

वैश्विक महामारी कोरोना अधिकांश देशों अपना दंश फैला रखा है। भारतवर्ष में संक्रमण की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है, जो सोमवार को 96,169 हो गयी है। यद्यपि उनके ठीक होने की संख्या जो 36,824 है, और देशों की अपेक्षा इनका प्रतिशत अधिक है तथा मृत्यु दर भी बहुत कम है, जो मात्र आजतक 3,029 है। यह बहुत राहतभरी बात है। अभी भी मजदूरों का दूसरे प्रदेशों से पैदल चलकर अपने निवास वापस जाने का सिलसिला कदाचित थमा नहीं है, बल्कि अधिक बढ़ गया है। ऐसी परिस्थिति में प्रधानमंत्री ने दो-सप्ताह के लिए लाकडाउन-4.0 को पूरे देश में लागू कर दिया है परंतु देश की अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुये कुछ क्षेत्रो में ढील दी गयी है और विशेष रूप से अन्य विंदुओं पर प्रदेश को स्वयं को परिस्थिति के अनुरूप निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है।

सम्पूर्ण देशवासी संकट की ऐसी घडी में एकजुट होकर कोरोना के खिलाफ जंग लड़ने में कृतसंकल्प हैं। प्रदेश की योगी सरकार कोरोना महामारी से निपटने के लिये हरसम्भव प्रयास कर रही है तथा मजदूरों को रोजगार देने के अवसर तथा जो अन्य प्रदेशो में फंसे मजदूरों को वापस लाने का सार्थक प्रयास कर रहीं है। इनमें तमाम समाजसेवी संस्थाएं संगठन अपने स्तर से भी बड़ी तल्लीनता से सेवाभाव में जुटी हुई हैं। इसी क्रम में गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के तत्वाधान में नगर विकास मंत्री, आशुतोश टंडन (गोपाल) के सहयोग से प्राप्त 100 कपडे के मास्क को विराम खण्ड-5, के आस-पास मौजूद ग़रीब व बेसहारा लोगों को लाकडाउन 4.0 के दौरान वितरण किया गया। उक्त समय विराम खण्ड-5 जनकल्याण समिति के पदाधिकारीगण, आर.एस. मिश्रा, सचिव तथा डा. भरतराज सिंह, पर्यावरणविद व सलाहकार और प्रचार सचिव, एस.बी.एल. मल्होत्रा, सहायक सचिव आदि उपस्थित रहे।